बिजनेस विषय पर आयोजित कोर्स में शामिल हुए 54 विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची में मंगलवार को आइएमएस गाजियाबाद के विद्यार्थियों के लिए इमर्सन प्रोग्राम आन इंटनेशनल बिजनेस विषय पर पांच दिवसीय कोर्स की शुरुआत हुई। इसमें आइएमएस गाजियाबाद के पीजीडीएम प्रोग्राम से जुड़े 54 विद्यार्थी शामिल हुए। पांच दिवसीय इमर्सन प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की प्रारंभिक और मूल जानकारी साझा की जाएगी ताकि विद्यार्थी प्रतिस्पर्द्धा बाजार में नेतृत्वकर्ता के गुण के साथ आगे बढ़ सके।

सर्टिफिकेट कोर्स की औपचारिक शुरुआत डीन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कसल्टेंसी प्रो. अमित सचान, प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. अमन कुमार और प्रो. कुमार सौरव की उपस्थिति में हुई। प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. अमन कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोग्राम की विशेषता से रू-ब-रू कराया।

Dainik Jagran_23.04.2025_P. 4